# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 13.03.2026

**1. थाना बिसरख पुलिस द्वारा MNC कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे 01 CPU, 01 MONITOR, 01 KEY-बोर्ड, 01 माउस, 06 कूटरचित JOB ऑफर लेटर विभिन्न कम्पनी के, 03 मोबाइल फोन तथा 7600 रुपये नगद बरामद।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** अभियुक्तगण 1-विकास डाबर 2-अरुण कुमार 3-वैभव कुमार द्वारा MNC कंपनियों में अच्छे पैकेज पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर लोगों को सालाना पैकेज का लालच देकर फर्जी कूटरचित ऑफर लेटर जारी कर उनको मेल के माध्यम से भेजकर पैसे लेकर ठगी करते थे, जिसके सम्बन्ध में दिनांक 12.03.2026 को वादी/पीड़ित की लिखित तहरीर पर थाना बिसरख पर मु0अ0सं0 175 /2026 धारा 318(4),338,336(3),340(2),61(2) BNS पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही का विवरण--** उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में गठित **थाना बिसरख पुलिस टीम** द्वारा दिनांक **13.03.2026** को गोपनीय सूचना के आधार पर अभियुक्त 1.विकास डाबर 2.अरुण कुमार 3.वैभव कुमार को इटेड़ा गोल चक्कर के पास सर्विस रोड़ थाना क्षेत्र बिसरख से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 01 सीपीयू, 01 मॉनीटर, 01 की-बोर्ड, 01 माउस, 06 कूटरचित जॉब ऑफर लेटर (03 अल्टाँस कम्पनी व 03 नोर्थवेस्ट रिवेन्यू साईकिल मैनेजमेन्ट कम्पनी), घटना में प्रयुक्त 03 मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न कम्पनी के व 7600 रुपये नगद बरामद हुए है।

**अपराध का तरीका–** अभियुक्त विकास डाबर मूल रूप से हिसार हरियाणा का रहने वाला है, जो विदेशी कम्पनी U.S.हेल्थ केयर में क्लैम सेटल का कार्य करता है। इसके साथी वैभव कुमार व अरुण कुमार भी पूर्व में MNC कंपनियों में नौकरी कर चुके है जिनके द्वारा MYWORKDAYJOBS.COM पर अपनी प्रोफाइल बना रखी है, जिसके माध्मय से ये लोग नौकरी तलाश कर रहे लोगो का डाटा प्राप्त कर उनसे सम्पर्क करके नामी कंपनी (M.N.C) में नौकरी का प्रलोभन देकर कुल सालाना पैकेज के अनुरुप अपना हिस्सा (प्रतिशत) तय करके टोकन मनी के रूप में आंशिक रकम अपने खातो में ट्रान्सफर करा लेते है तथा MAILHOSTINGR.COM व GOOGLE ACCOUNT प्लेटफार्म पर नामी M.N.C. कंपनियों के समान ई-मेल आईडी CREATE कर अपने कम्प्यूटर से सम्बन्धित कम्पनी का ऑफर लेटर हेड (LOGO) सहित तैयार कर Joinning Date अंकित कर

मेल के माध्यम से अभ्यर्थी को भेजा जाता है। जिससे अभ्यर्थियों यकीन हो जाता है तथा विश्वास कर वो बाकी तय रकम ऑनलाइन अभियुक्तगण के बताये गए खातों में ट्रांसफर कर देते हैं। जब अभ्यर्थी/आवेदक के द्वारा सम्बन्धित कम्पनी पर जाकर अपनी नौकरी के सम्बन्ध जानकारी की जाती है तो किन्ही तकनीकी कारण व दस्तावेजो की त्रुटि का हवाला देकर उनको अग्रिम तिथि अथवा अन्य किसी कम्पनी का ऑफर लेटर पुनः मेल के माध्यम से गुमराह करने के लिए भेजा जाता है। अभियुक्तगण के खातों की जानकारी कर अन्य लेन-देन की जानकारी की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण--** अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि हम लोग प्राईवेट नौकरी करने वाले इच्छुक व्यक्तियो को पहले अपने जाल में फँसाते है तथा उन्हे यकीन दिलाते है कि उन्हे अच्छी सैलरी प्रतिमाह 30,000-60,000/- रुपये तक की नौकरी अच्छी कम्पनी में मिल जायेगी और उसके बदले में वार्षिक पैकेज का 15 % से 20% रुपये देने की बात कर सौदा करते है जिसमें एडवांस बुकिंग के तौर पर व्यक्ति के क्षमता के अनुसार 40,000 /- रुपये से लेकर 60,000/- तक टोकन मनी लेते है। अब तक हम लोग ऐसे ही लाखो रुपये की ठगी कर चुके है। बरामद मोबाइल फोन का प्रयोग हम लोग क्लाइन्टो से वार्ता करने एवं PhonePe, PAYTM, GOOGLE PAY के माध्यम से पैसे लेने में करते है।

**अभियुक्तों का विवरण--**

1. विकास डाबर पुत्र त्रिलोकी चन्द्र निवासी उकलाना मण्डी, थाना उकलाना, जनपद हिसार, हरियाणा वर्तमान पता आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसायटी, गौर सिटी-2, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर उम्र 34 वर्ष।
2. अरुण कुमार पुत्र लल्लन सिंह निवासी नगलाजयसिंह, थाना दिबियापुर, जनपद औरेया वर्तमान पता सोम बाजार, सेक्टर-45, थाना सेक्टर-39, गौतमबुद्धनगर उम्र 28 वर्ष।
3. वैभव कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी कीरतपुर, थाना छतारी, जनपद बुलन्दशहर वर्तमान पता खोड़ा कॉलोनी, थाना खोड़ा, जनपद गाजियाबाद उम्र 23 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--** मु0अ0सं0 175 /2026 धारा 318(4),338,336(3),340(2),61(2) BNS थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण–**

1- 01 सीपीयू
2- 01 मॉनीटर
3- 01 की-बोर्ड
4- 01 माउस
5- 06 कूटरचित जॉब ऑफर लेटर (03 अल्टाँस कम्पनी व 03 नोर्थवेस्ट रिवेन्यू साईकिल मैनेजमेन्ट कम्पनी)
6- घटना में प्रयुक्त 03 मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न कम्पनी के
7- 7600 रुपये नगद

**2. थाना बीटा-2 पुलिस टीम द्वारा रैकी करके घरों में चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से साढ़े दस लाख की ज्वैलरी, एक लैपटॉप, दो घड़ी, अवैध शस्त्र व घटना में प्रयुक्त कार बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **13.03.2026** को **थाना बीटा-2 पुलिस** द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से रैकी करके घरों में चोरी करने वाले दो अभियुक्त 1.अवधेश पुत्र लायक सिंह 2.बलराज पुत्र रामपाल को नट मढैय्या गोल चक्कर, थाना क्षेत्र बीटा-2 से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तो के कब्जे से चोरी की गई ज्वैलरी 1 गले का हार, 04 अंगूठी, 3 कान के टप्स, 2 कान के कुंडल, 1 पिन पीली धातु, 1 गले की माला, 26 बिछवा, 1 अंगूठी, 4 बर्तन, 4 सफेद धातु के मोती, 4 बच्चों के हाथ के कड़े, 2 चैन, 21 पैरों की पायल सफेद धातु, 2 कलाई घड़ी व 1 लैपटॉप, 01 चार्जर, घटना में प्रयुक्त कार रजि संख्या UP86T5729 व एक अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ है।

**अपराध करने का तरीका--** अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर हैं, जो रैकी करके बंद पड़े मकानों से कीमती सामान, ज्वैलरी आदि की चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है व चोरी किये गये सामान को बेचकर अवैध धन अर्जित करते है। इनके द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर दिनांक 28.02.2026 की रात्री में सेक्टर-36 थाना क्षेत्र बीटा-2 में बन्द पड़े मकान की खिड़की काटकर घर में घुसकर मकान से चोरी कर वैगन आर कार रजि नं0 UP86T5729 से फरार हो गये थे। चोरी किये गये पैसे को आपस में तीनों ने बांट लिया था व चोरी के माल को साइट-4 में छिपा दिया था।

**अभियुक्तों का विवरण--**

1. अवधेश पुत्र लायक सिंह निवासी ग्राम शेखगडी, थाना सिकंदराराव, जिला हाथरस वर्तमान पता सेक्टर-2, पतवारी, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर।
2. बलराज पुत्र रामपाल निवासी सुभाष नगर, थाना सिविल लाइन, जिला कैथल, हरियाणा।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 79/2026 धारा 305(a)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 85/2026 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1- चोरी की गई ज्वैलरी 1 गले का हार, 04 अंगूठी, 3 कान के टप्स, 2 कान के कुंडल, 1 पिन पीली धातु, 1 गले की माल, 26 बिछवा, 1 अंगूठी , 4 बर्तन, 4 सफेद धातु के मोती, 4 बच्चों के हाथ के कड़े, 2 चैन, 21 पैरों की पायल सफेद धातु, 2 कलाई घड़ी
2- 1 लैपटॉप
3- 01 चार्जर
4- घटना में प्रयुक्त कार रजि संख्या UP86T5729
5- एक अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर